दिन–शनिवार दिनांक– 11/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में प्रचार अभियान का शोर आज शाम पांच बजे समाप्त हो जायेगा। इन क्षेत्रों में तेरह मई को मतदान होना है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारकों ने अपने–अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज बेगूसराय के बखरी में पार्टी प्रत्याशी गिरिराज सिंह के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया। श्री सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की सीमाएं सुरक्षित हुयी हैं और जल्द ही पाक अधिकृत कश्मीर भी भारत का हिस्सा होगा। बेगूसराय लोकसभा क्षेत्र में ही अब से थोड़ी देर बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इधर, जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सीतामढ़ी में पार्टी प्रत्याशी देवेश चन्द्र ठाकुर के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि उनके कार्यकाल में बिहार का चहुमुखी विकास हुआ है। उन्होंने परिवारवाद को राजनीति के लिए खतरा बताते हुए कहा कि उनके लिए पूरा बिहार ही उनका परिवार है।

जदयू अध्यक्ष का हाजीपुर में एनडीए उम्मीदवार चिराग पासवान के पक्ष में भी चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज दरभंगा में पार्टी उम्मीदवार ललित यादव के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार बनने के बाद महंगाई और बेरोजगारी दूर करने पर सबसे अधिक ध्यान दिया जायेगा। सभा को विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने भी संबोधित किया। इधर, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अब से थोड़ी देर बाद समस्तीपुर में पार्टी प्रत्याशी सन्नी हजारी और मुजफ्फरपुर में अजय निषाद के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वामपंथी दलों के नेता भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए प्रचार में जुटे हुए हैं। निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने–अपने क्षेत्र में लगातार जनसम्पर्क अभियान चला रहे हैं।

———————————————————————

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव के परिणाम अप्रत्याशित होंगे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के लिए फिर से सरकार बनाना मुश्किल होगा। श्री खड़गे आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर सत्ताधारी दल के प्रति आम लोगों में आक्रोश है।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पटना में रोड शो करेंगे। श्री मोदी पटना साहिब से पार्टी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद और पाटलिपुत्र से पार्टी उम्मीदवार रामकृपाल यादव के पक्ष में वोट की अपील करेंगे। भाजपा नेता नितिन नवीन ने बताया कि प्रधानमंत्री का रोड शो शाम पाँच बजकर तीस मिनट पर डाकबंगला चौराहा से शुरू होगा और भट्‌टाचार्य मोड़, कदमकुआँ होते हुए गाँधी मैदान स्थित उद्योग भवन के पास समाप्त होगा। श्री मोदी पटना साहिब स्थित तख्तश्री हरिमंदिर साहिब में मत्था भी टेकेंगे। प्रधानमंत्री रविवार को राजभवन में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उनका हाजीपुर, सारण और मुजफ्फरपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इधर, प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर राजधानी पटना में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध  किये गये हैं। शहर के मुख्य मार्गों पर बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। रोड–शो को देखते हुए कल पटना में विभिन्न मार्गों पर यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है।

———————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश प्रवक्ता बिनोद शर्मा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने राजद के सामने घुटने टेक दिये हैं। साथ ही उन्होंने कन्हैया कुमार को उत्तर–पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार बनाए जाने पर भी सवाल उठाया है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले

में एक दो स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान तेज हवा चलने और वज्रपात की भी आशंका है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार के बारसोई में सबसे अधिक छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।